देवास

नवभारत 03

इंदौर, मंगलवार, 07 अप्रैल 2026



एक नजर में

## जिला अध्यक्ष के निवास पर पहुंचे उईके



**देवास।** नवनियुक्त जिला अध्यक्ष भाजपा महिला मोर्चा जनजाति प्रकोष्ठ पिंकी बारेला के निवास पर पहुंच करके ग्राम पंचायत पलासी के सरपंच प्रतिनिधि एवं मध्य प्रदेश अटल भारतीय हिंदू फाउंडेशन के बागली विधानसभा इकाई के अध्यक्ष लखनलाल उईकै एवं मीणा समाजशक्ति संगठन के समाजसेवी महेश जरवाल जिला अध्यक्ष के निवास पर पहुंचकर के बधाई दी इस दौरान जिला अध्यक्ष बहन पिंकी बरेला ने दोनों भाइयों का मंगल तिलक लगा करके स्वागत सत्कार किया इस दौरान जिला अध्यक्ष को ग्राम पलासी में हो रही संगठन की गतिविधि से अवगत करवाया एवं ग्राम पंचायत द्वारा किए जा रहा है विकास कार्यों की भी जानकारी सरपंच प्रतिनिधि द्वारा दी गई।

## भाजपा का 47वां स्थापना दिवस मनाया



**देवास।** विश्व की सबसे बड़ी पार्टी भारतीय जनता पार्टी का 47 वां स्थापना दिवस मध्य प्रदेश अटल भारतीय हिंदू फाउंडेशन राज्य ग्रामीण कार्यालय सुन्देल जिला देवास पर मनाया इस दौरान भारत माता के चित्र पर कारसेवक केदार थुरवाल एवं राजाराम जोनवाल ने दीप प्रज्वलित कर स्थापना दिवस कार्यक्रम का शुभारंभ किया इस दौरान प्रदेश ग्रामीण कार्यालय पर पूर्व भारतीय जनता पार्टी जिला देवास के कार्यालय मंत्री जगदीश मुकाती प्रदेश अध्यक्ष पवन हिन्दू अखिल भारतीय सेन समाज के समाजसेवी शिव प्रसाद वर्मा मीणा समाज शक्ति सेवा संगठन के महेश गवली नंदलाल जोनवाल गोपाल छानवाल युवा नेता दिनेश थुरवाल ने अपने-अपने विचार विश्व की सबसे बड़ी पार्टी भारतीय जनता पार्टी के 47 वां स्थापना दिवस पर अटल कार्यालय पर रखें।

## अधिकारी-कर्मचारी पेंशनर्स महासंघ की बैठक

**देवास।** 6 अप्रेल को शाम को मल्हार स्मृति मंदिर के वरिष्ठ नागरिक हॉल में देवास सेवानिवृत्त अधिकारी कर्मचारी पेंशनर महासंघ जिला देवास की मासिक बैठक संपन्न हुई। बैठक में सर्वप्रथम मानवता के लिए उषा की किरण जगाने के गीत से शुआत हुई। बैठक में जिलाध्यक्ष सुभाष लाम्बोरे द्वारा जिले के संगठन से संबंधित बातों को सांझा किया। जिले के संरक्षक गेरूलाल व्यास द्वारा भी संगठन के विषय में अपने विचार रखे गए। प्रदेश अध्यक्ष प्रेमनारायण तिवारी ने प्रदेश स्तर पर जो कार्य किये जा रहे है उनकी जानकारी से अवगत कराया गया। कर्मचारी पेंशनर महासंघ की ओर से जो 3 प्रतिशत डीए एवं चतुर्थ समय मान वेतनमान देने की घोषणा की गई थी उसके आदेश शासन द्वारा प्रसारित कर दिये गये है इसके लिए जिले के पेंशनर महासंघ द्वारा प्रदेश स्तर पर जो संगठन है उनके प्रयासों से जो यह 35 वर्ष का चतुर्थ वेतन मान प्रदेश के कर्मचारियों व पेंशनर्स को मिला इसके लिए प्रदेश संगठन व शासन को धन्यवाद पारित किया। बैठक में इस माह नवीन आजीवन सदस्य नानूराम वर्मा, सुभाषचंद्र चौधरी, चिंतामण पटेल, सुरेशचंद वर्मा, कैलाशचंद पटेल, घनश्याम चौधरी, मंजुला दुबे, तोलाराम राठौर, कृष्णकांत शर्मा, रूकसाना सिद्धिकी, सुरेखा पुराणिक, दुर्गेश अग्रावत का दुपट्टा पहनाकर जिलाध्यक्ष, प्रदेश अध्यक्ष द्वारा स्वागत किया गया। बैठक में जिला संरक्षक गेरूलाल व्यास, प्रदेश अध्यक्ष प्रेमनारायण तिवारी, जिलाध्यक्ष सुभाष लाम्बोरे, जिला सचिव देवकरण शर्मा, जिला कोषाध्यक्ष अशोक शर्मा, छगनलाल पिपलोदिया, मनोहर पटेल आदि थे।

# पराली जलाने की एफआईआर, किसान पहुंचे कलेक्टोरेट

- चार घंटे धरने पर बैठे, अधिकारियों से नहीं मिला संतोषजनक जवाब




**देवास।** जिले में पराली जलाने पर किसानों के खिलाफ दर्ज हो रही एफआईआर और अन्य मांगों को लेकर सोमवार को भारतीय किसान संघ (भाकिसं) के नेतृत्व में बड़ी संख्या में किसान कलेक्टर कार्यालय पहुंचे।

किसानों ने चार घंटे तक धूप में बैठकर प्रदर्शन किया और अधिकारियों से अपनी मांगों के निराकरण की मांग की। किसानों का कहना है कि गेहूं की फसल कटाई के बाद खेतों को साफ करने के लिए पराली जलानी पड़ती है। हालांकि, प्रशासन द्वारा पराली जलाने पर लगातार किसानों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की जा रही हैं। किसानों ने प्रशासन से पराली को खेत में नष्ट करने का उचित तरीका बताने की मांग की। पराली जलाने के अलावा किसानों ने ऋण राहत के अभाव और फसल खरीदी में देरी जैसी अन्य मांगें भी अधिकारियों के सामने रखीं।

कृषि अधिकारी और एडीएम किसानों से बात करने पहुंचे, लेकिन किसान उनकी बातों से संतुष्ट नहीं हुए। भाकिसं के जिला मंत्री शेखर पटेल ने बताया कि पराली जलाने के मामलों में पुलिस प्रशासन लगातार किसानों पर प्रकरण दर्ज कर रहा है। पुलिस किसानों को उनके घरों से उठाकर थाने ले जा रही है। कलेक्टर कार्यालय में तीन से चार घंटे बैठने के बावजूद उन्हें कोई संतोषजनक जवाब नहीं मिल पाया। पटेल ने मांग की कि पराली जलाने को लेकर किसानों पर दर्ज किए गए प्रकरण तत्काल प्रभाव से वापस लिए जाएं और पराली को खेत में नष्ट करने का उचित समाधान बताया जाए। उन्होंने यह भी पूछा कि क्या मध्य प्रदेश पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी (मप्रविविकं) के कारण खेतों में जले गेहूं के लिए प्रशासन ने कोई प्रकरण दर्ज किया है। इसके अतिरिक्त देवास जिले में ओलावृष्टि से हुए नुकसान की राहत राशि भी किसानों को नहीं मिल पाई है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि उनकी मांगों का निराकरण नहीं होता है, तो वे मुख्यमंत्री का पुतला जलाकर, मंडियों में ताले लगाकर चक्काजाम करेंगे। किसानों ने अधिकारियों से कहा कि यदि पराली पर इतना जोर दिया जा रहा है तो वे गेहूं की बुवाई करना बंद कर देंगे।

## सोनकच्छ में एसडीएम को सौंपा ज्ञापन



**सोनकच्छ।** मध्यप्रदेश में सरकार द्वारा खेतों में नरवाई जलाने पर पुर्ण रुप से प्रतिबंध लगा रखा है उसके बाद भी किसानों द्वारा खेतों में नरवाई जलाई जा रही है।

नरवाई जलाने वाले किसानों पर पुलिस एफआईआर दर्ज होने से नाराज देवास जिले की सोनकच्छ तहसील के सेकंडों किसानों द्वारा भारतीय किसान संघ के बैनर तले विरोध प्रदर्शन करते हुए मुख्यमंत्री के नाम एक ज्ञापन एसडीएम को सौंपा। किसानों ने मांग की गई है की जब-तक नरवाई नष्ट करने का कोई ठोस उपाय नहीं निकलता है तब तक किसानों को नरवाई जलाने दी जायें। साथ ही किसानों ने ऋण अदायगी की तारीख बढ़ाने की मांग करते हुए अपनी विभिन्न मांगों को लेकर एक ज्ञापन एसडीएम सोनकच्छ को सौंपा। ज्ञापन में बताया कि समर्थन मूल्य पर गेहूं खरीदी उनके रकबे के आधार पर उपज बड़े कांटे पर तौलीं जाय। इस अवसर पर सम्भागीय प्रभारी घनश्याम पाटीदार, जिला सहमंत्री चम्पालाल मुकाती, जिला कार्यकारिणी सदस्य कैलाश भार्गव, भवरसिंह सेन्धव तह अध्यक्ष कालु सिंह, राजपूत तह मंत्री विजेन्ड सेन्धन तह उपाध्यक्ष सुशी नाहर तह सहमंत्री धर्मन्त्र यादव, राजाराम परिदार तह सदस्य लोकल सैन्धव, तेजसिंह अन्य किसान उपस्थित थे।

## पारछे वाल्मीकि महापंचायत के प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त



**देवास।** अखिल भारतीय सफाई मजदूर कांग्रेस ट्रेड यूनियन शहर शाखा देवास द्वारा प्रदेश अध्यक्ष नवीन पारछे के अखिल भारतीय वाल्मीकि महापंचायत के प्रदेश अध्यक्ष पद पर मनोनयन के उपलक्ष्य में भव्य स्वागत एवं अभिनंदन कार्यक्रम मल्हार स्मृति मंदिर में संपन्न हुआ। जिसमें संगठन के पदाधिकारी, कर्मचारी साथी, वाल्मीकि समाज के युवा एवं वरिष्ठजन बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। सभी ने श्री पारछे का पुष्पमाला पहनाकर और स्वागत कर उनके नेतृत्व में समाज व संगठन के विकास की अपेक्षा जताई। कार्यक्रम में वक्ताओं ने कहा कि श्री पारछे के नेतृत्व में समाज को नई दिशा मिलेगी और कर्मचारियों की समस्याओं के समाधान के लिए प्रभावी प्रयास किए जाएंगे। इस अवसर पर उपस्थित सभी साथियों ने उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।उक्त जानकारी मीडिया प्रभारी लक्ष्मण खरे ने दी।

## हज यात्रियों के लिए हज ट्रेनिंग कैंप का आयोजन

**देवास।** आगामी मुकद्दस सफर-ए-हज 2026 की तैयारियों के सिलसिले में बीएनपी रोड स्थित राजा परिसर गार्डन में जिला हज कमेटी की जानिब से एक अहम हज तरबियती कैंप (प्रशिक्षण शिविर) का इनक़ाद किया गया। इस साल देवास जिले से कुल 363 खुशनसीब ज़ायरीन हज की सआदत हासिल करने रवाना होंगे।

कैंप में ज़िला हज ट्रेनर एजाज़ नागोरी ने तमाम 363 हाजियों को हज और उमराह के तमाम अरकान और उनके अदा करने के सही तरीके तफ़सील से समझाए। विशेष रूप से प्रशिक्षण के दौरान वीडियो और डिजिटल प्रेजेंटेशन का सहारा लिया गया, जिसके ज़रिए एजाज़ नागोरी ने मीना के रोड और ब्रिज मीना की गलियों, रास्तों और पुलों की मुकम्मल जानकारी दी। मशायर की तफ़सीलात अराफ़ात, मुज़दलिफ़ा और मीना (मशायर) के तमाम अहम मुक़ामात और वहाँ की जाने वाली इबादतों को वीडियो के ज़रिए प्रैक्टिकल अंदाज़ में समझाया। उन्होंने ज़ायरीन को मक्का मुकर्रमा और मदीना मुनव्वरा में कयाम के दौरान बरती जाने वाली एहतियात, सेहत का ख्याल रखने और सफर के दौरान नज़्म-ओ-ज़ब्त बनाए रखने की ज़रूरी हिदायात दीं। इस मुक़द्दस प्रोग्राम की सरपरस्ती मौलाना ज़फीरुद्दीन नदवी ने फ़रमाई। प्रोग्राम को बा-अदब और मुनज़्म तरीके से मुकम्मल करने में ज़िला हज ट्रेनर एजाज़ नागोरी के हमराह डॉ. शाहिद नागोरी और अंशाल खान का नुमाया ताव्वुन रहा।

## 103 पेटी देशी-विदेशी शराब जब्त



**देवास।** रविवार को सहायक आबकारी आयुक्त को सूचना प्राप्त हुई कि टोंक खुर्द में एक ढाबे पर बड़ी मात्रा में अवैध शराब रखी हुई है तो उन्होंने तुरन्त आबकारी टीम गठित कर रवाना किया। आबकारी की टीम द्वारा सूचना में वर्णित धाकड़ रेस्टोरेंट पर पहुंचकर समक्ष गवाहन विधिवत तलाशी ली गई जिसमे रेस्टोरेंट के अंदर से 103 पेटी देशी,विदेशी मदिरा कुल मात्रा 961.6 बल्क लीटर बरामद की गई ,जो अवैध रूप से संग्रह कर रखी हुई थी एक व्यक्ति को मौके से गिरफ्तार किया गया उसके विरुद्ध मध्य प्रदेश आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34(1) क एवं 34(2) के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया तथा आरोपी से पूछताछ कर अन्य लागों की तलाश की जा रही है,जप्त सामग्री का मूल्य लगभग 774228 रुपये है। कार्यावाही में आबकारी उपनिरीक कैलाश जामोद ,आबकारी उप निरीक्षक प्रेम यादव आबकारी आरक्षक आशीष गुप्ता सम्मिलित रहे।

## दाहिनी स्त्री प्रगति धारा से वसुंधरा तक... प्रेरणादायी आयोजन



**देवास।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में 4 अप्रैल 2026 को भारतीय स्त्री शक्ति द्वारा दाहिनी स्त्री प्रगति धारा से वसुंधरा तक शीर्षक के अंतर्गत एक प्रेरणादायी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि यामिनी बाबुलगांवकर रहीं, जो पिछले 22 वर्षों से अपनी संस्था अविरट टेक्नो इंडस्ट्री का सफल संचालन कर रही हैं।

उन्होंने न केवल महिला उद्यमियों को सामाजिक एवं आर्थिक रूप से सशक्त बनाने का कार्य किया है, बल्कि संस्था के निर्माण में आई चुनौतियों और अपने संघर्षपूर्ण सफर को भी सभी के साथ साझा किया। इस अवसर पर उन्होंने अपनी संस्था का भ्रमण भी करवाया, जहाँ सभी महिला उद्यमी उत्साहपूर्वक अपने कार्य में संलग्न दिखाई दीं उनसे बातचीत का अवसर भी प्राप्त हुआ। विशिष्ट अतिथि पलक राजपूत ने महिलाओं के कृषि जीवन में आने वाली चुनौतियों, विशेषकर जैविक एवं औषधीय खेती के संदर्भ में अपने विचार व्यक्त किए। उन्होंने अपने अनुभव साझा करते हुए बताया कि किस प्रकार कठिन परिस्थितियों में भी उन्होंने पुरुष-प्रधान समाज में एक महिला कृषक के रूप में अपनी विशिष्ट पहचान बनाई। यह कार्यक्रम भारतीय स्त्री शक्ति, मध्य प्रदेश (देवास इकाई) की अध्यक्ष रमा यार्दी की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। कार्यक्रम की रूपरेखा उपाध्यक्ष नीता सिरपुरकर द्वारा तैयार की गई। सचिव डॉ. दिव्या दुबे ने संस्था का परिचय देते हुए उसके पंचसूत्रों पर प्रकाश डाला। सह-सचिव नीत अरोरा ने महिला सशक्तिकरण एवं स्वास्थ्य संबंधी उपायों की जानकारी दी, वहीं सह-कोषाध्यक्ष पूनम शर्मा ने महिलाओं के लिए उपलब्ध शासकीय बैंक सुविधाओं एवं योजनाओं के बारे में विस्तार से बताया।

कार्यकारिणी सदस्य सुमन कुमावत ने महिलाओं को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर एवं सशक्त बनने के लिए महत्वपूर्ण सुझाव प्रस्तुत किए। कार्यक्रम में शकुंतला दुबे एवं राखी द्विवेदी द्वारा अतिथियों का स्वागत किया गया। संचालन रुचिका बरड़े द्वारा कुशलतापूर्वक किया गया तथा अंत में आभार छाया कानूनगो द्वारा व्यक्त किया गया।

## अध्यापक शिक्षक संयुक्त मोर्चा का 8 अप्रैल को धरना और ज्ञापन




**देवास।** अध्यापक शिक्षक संयुक्त मोर्चा म प्र के आह्वान पर 'वरिष्ठता बहाली के समर्थन में एवम टेट के विरोध में त्रिस्तरीय कार्यक्रम का आव्हान किया गया है,इस संबंध में 6 अप्रैल 2026 को संयुक्त मोर्चा जिला देवास की एक बैठक मल्हार स्मृति मंदिर देवास में सम्पन्न हुई। बैठक में उपस्थित राजेन्द्र सेंधव एवम दिनेश चौधरी ने बताया कि म प्र में अभूतपूर्व एकता के साथ सभी सँगठन एकता के साथ अपनी प्रमुख मांग नियुक्ति दिनाँक से वरिष्ठता के समर्थन एवम अव्यवहारिक टीईटी के विरोध में 8 अप्रैल को जिला स्तरीय, 11 अप्रैल को ब्लॉक स्तरीय एवम 18 अप्रैल को भोपाल में महाधरना एवं आंदोलन किया जा रहा है। पं अरुण मिश्रा, पुरुषोत्तम सिसोदिया ने बताया कि हम अव्यावहारी व्यवस्थाओं के विरोध में शिक्षक साथी सड़क से संसद तक संघर्ष को तैयार है 8 अप्रैल को शाम 4 बजे बी एड कॉलेज पर एकत्रित होकर शाम 4 से 5 बजे के बीच जिलाधीश को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन दिया जाएगा। अजय सिंह गौड़, हुकम सिंह चावड़ा, हजारी लाल चौहान, के के मिश्रा,दिनेश कुमार व्यास, जसमत सिंह कुशवाह, राधेशयम सोलंकी, नीला रायकवार एवं स्वाति पंड्या, राधेशयम सोलंकी, दिनेश निगम, हिमरत सिंह तोमर,साबिर शेख, धर्मवीर नरवरिया, जितेंद्र मालवीय ने सभी शिक्षक साथियों से शामिल होकर कार्यक्रम को सफल बनाने की है।

## मकवाना देपालपुर विधानसभा इकाई के अध्यक्ष बने



**देवास।** भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ कार्यकर्ता एवं हिंदुत्व कि विचारधारा पर कार्य करने वाले ग्राम बैगान्दा देपालपुर विधानसभा जिला इंदौर के राम सिंह मकवाना को भारतीय जनता पार्टी समर्थित संगठन मध्य प्रदेश अटल भारतीय हिंदू फाउंडेशन का देपालपुर विधानसभा इकाई अध्यक्ष नियुक्त किया गया है यह नियुक्ति प्रदेश अध्यक्ष पवन हिंदू के द्वारा की गई है नियुक्ति पर अनेक लोगों ने श्री मकवाना को बधाई दी है।

## कांग्रेसियों ने किया नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का स्वागत



**भौरासा।** भौरासा टोल टैक्स के समीप महाकाल रेस्टोरेंट पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं के द्वारा स्वागत सम्मान का कार्यक्रम रखा गया जिसमें नवागत कांग्रेस पदाधिकारियों का स्वागत किया गया। पिछले दिनों प्रदेश कांग्रेस के द्वारा प्रदेश से लेकर जिले भर में कांग्रेस में नई नियुक्तियां की जा रही है।

इसी क्रम में कांग्रेस द्वारा जिला महामंत्री के पद पर दिलीप सिंह यादव व भौरासा ब्लॉक मंडलम अध्यक्ष मनोहर यादव, अर्जुन गुर्जर, दिनेश चौहान, व शुभम नागर का कांग्रेस कार्यकर्ताओं के द्वारा पुष्पमाला पहना कर मिठाई खिलाकर स्वागत किया गया। इस अवसर पर राजेंद्र यादव पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष, दिनेश यादव पूर्व ब्लाक अध्यक्ष, मिथुन यादव भौरासा ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष, जितेंद्र धाकड़ किसान कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष, अफजल मंसूरी पार्षद, अबरार गांधी पार्षद, चांद खा पठान, भुरु भाई सेंटी, सोनू यादव, रमेश चंद गुर्जर सरसोदा, कालू सिंह गुर्जर, गुरु चरण सिंह गुर्जर, राजेंद्र यादव, उमेश धाकड़, अर्जुन गुर्जर, विशाल गुर्जर, केलाश यादव, अर्जुन यादव, मुकेश मालवीय,अनिल नागर महुडी, लकी यादव आईटी सेल, विकास गुर्जर, आदि उपस्थित थे।

## ऑपरेशन प्रहार के तहत पुलिस ने पकड़ा गांजा



**कांटाफोड़।** पुलिस अधीक्षक देवास पुनीत गहलोत द्वारा चलाए जा रहे मादक पदार्थ के विरुद्ध ऑपरेशन प्रहार के तहत कार्रवाई करने के निर्देश दिए थे। इसी तारतमय में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कन्नौद सौम्या जैन एवं एसडीओपी बागली संजय सिंह बेस के मार्गदर्शन में मुखबिर द्वारा सूचना प्राप्ति पर हीरो होंडा पैशन मोटरसाइकिल क्रमांक एमपी 41 ए 5013 पर दो लोग को पकड़ा। जिनकी रोककर चेकिंग की गई चेकिंग के दौरान उनके पास गांजा मिला जिसका वजन 2.795 किलो ग्राम था। आरोपी के नाम सुदामा पिता जगन्नाथ प्रजापति जाति कुमार उम्र 53 साल निवासी बहरावत थाना कन्नौद एवं रईस शाह पिता नसीब शाह जाति फकीर उम्र 45 साल निवासी कन्नौद द्वारा अवैध रूप से गांजा का परिवहन करते हुए गिरफ्तार किया गया गांजे की कुल कीमत 28000 रुपए करीबन बताई गई और मोटरसाइकिल की कीमत करीब 50000 बताई गई जिसे जप्त कर लिया गया है थाना कांटाफोड़ में आरोपियों के विरुद्ध अपराध क्रमांक 124/2026 धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट का पंजीकृत कर विवेचना में लिया गया अवैध मादक पदार्थ गांजा के संबंध में पूछताछ जारी है मुख्य सप्लायर तक पहुंचाने के लिए आरोपियों का पुलिस रिमांड मांगा गया इसके उपरांत अन्य वैधानिक कार्रवाई की जावेगी।

एक नजर में

सिविल लाइन थाना निर्माण रोकने की मांग

# मेंढकी वाटर वर्क्स बावड़ी बचाने को हिंदू समाज का प्रदर्शन

**देवास।** कभी देवास शहर के प्यासे कंठ की प्यास बुझाने वाली प्राचीनकालीन मेंढकी वाटर वाक्स की बावड़ी और धार्मिक स्थल को बचाने के लिए समस्त हिंदू समाज के कार्यकर्ताओं ने अपर कलेक्टर को ज्ञापन देकर सिविल लाइन थाने के निर्माण को स्थगित करने की मांग की।

सामाजिक कार्यकर्ता अनिल सिंह ठाकुर ने बताया कि शहर की अति प्राचीनकालीन बावड़ी मेढकी वाटर वाक्स का अस्तित्व खतरे में आ चुका है, जिसे बचाना अत्यंत आवश्यक है। वहां पर सिविल लाइन पुलिस थाना बनाने का कार्य किया जा रहा है, जबकि आज भी मेढकी की बावड़ी में यदि साफ-सफाई कर दी जाए तो भरपूर मात्रा में पानी उपलब्ध है। बावड़ी में लगे बोरिंग में पर्याप्त पानी है, जो आसपास के किसानों के बोरिंग को रिचार्ज कर रहा है। इसके साथ ही यहां पर वाटर वाक्स के प्राचीन आंकड़े पेड़ से गणेश जी की प्रतिमा निकली है, जिसके बाद एक भक्त ने मंदिर की स्थापना की। प्रति बुधवार श्री गणेश मंदिर में माताएं और बहनें पूजा-पाठ, भजन करती हैं। साथ ही हनुमान मंदिर में शनिवार और मंगलवार को भजन, सुंदरकांड, हनुमान चालीसा आदि के कार्यक्रम आयोजित होते हैं। इसी परिसर में पीपल के पेड़ की परिक्रमा कर प्रतिदिन जल चढ़ाया जाता है। विगत कुछ दिनों से मेढकी वाटर वाक्स बावड़ी के आसपास मिट्टी एकत्रित कर उसे बावड़ी में डालने का प्रयास किया जा रहा है, जिससे इस प्राचीन धरोहर को समाप्त कर सिविल लाइन थाना निर्माण की जानकारी जैसे ही मेढकी चक और आसपास की कॉलोनीवासियों को लगी, उन्होंने विरोध प्रकट किया। स्थानीय लोगों का कहना है कि वर्ष 2023 के विधानसभा चुनाव के पूर्व विधायक गायत्री राजे पंवार और महापौर गीता दुर्गेश अग्रवाल ने आमजन और बच्चों के मनोरंजन हेतु पार्क का भूमि पूजन कर नगर निगम परिषद में प्रस्ताव पारित किया था। दिनांक 22 सितंबर 2025 को शिव शक्ति सेवा मंडल को अस्थाई गार्डन के लिए यह भूमि सौंप दी गई थी। लोगों ने सवाल उठाया कि आखिर किस नियम से नगर निगम ने गार्डन की जमीन पर पक्का निर्माण करने की अनुमति दी, जबकि यह नियमानुसार अवैध है। साथ ही यह भी प्रश्न उठाया गया कि नगर निगम ने गार्डन की जमीन राजस्व विभाग को कैसे सौंप दी।

सोमवार को दोपहर 12 बजे समस्त हिंदू समाज के आह्वान पर जिला कलेक्टर कार्यालय में कलेक्टर के नाम ज्ञापन अपर कलेक्टर को सौंपा गया। इस दौरान हिंदू जागरण मंच के नरेंद्र शर्मा, विश्व हिंदू परिषद जिला गो-रक्षा प्रमुख रमेश कौशल, शैलेंद्र जोशी, नवीन पांडे, मनीष शर्मा, आशीष पंडित, अमन दुबे, प्रेम बैरागी, पंडित सत्येंद्र शर्मा, संदीप तिवारी गुरुजी, कुलदीप मोदी सहित अनेक जागरूक नागरिक उपस्थित रहे।